अपील संख्या 100/24

22/10/24 पत्रावली आज पेश हुई। माननीय राजस्व मंडल अजमेर के पत्र क्रमांक TA/निग/955407 दिनांक 10/12/23 द्वारा मंडल के निर्णय दिनांक 25/04/23 की प्रमाणित प्रति प्राप्त हुई। जिसके अनुसार माननीय राजस्व मंडल अजमेर द्वारा प्रकरण में प्रार्थी नरपत सिंह को प्रकरण में पक्षकार संयोजित करते हुए प्रकरण प्रतिप्रेषित कर निर्देशित किया है कि प्रकरण में नरपत सिंह पक्षकार संयोजित कर सुनवाई का समुचित अवसर देते हुए प्रकरण को निर्णित करे।

उभयपक्ष अधिवक्ता नोट करवाया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया।

राजस्व अपील अधिकारी
पाली कैम्प-जालोर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

जिसके अनुसार अपीलार्थी अधीनस्थ विचारण न्यायालय के निर्णय दिनांक 25/8/2003 में नरपत सिंह पक्षकार संयोजित नहीं है। हमारा यह विनम्र अभिमत है कि अपील के स्तर पर पक्षकारों की सुनवाई का सीमित अवसर होता है। इस स्तर पर न तो जवाब लिया जाना अपेक्षित होता है एवं न ही विस्तृत साक्ष्य एवं दस्तावेज प्राप्त किया जा सकते हैं। ऐसी स्थिति में माननीय राजस्व मंडल अजमेर के निर्देश की "प्रार्थी नरपत सिंह को विधिनुसार पक्षकार संयोजित करते हुए उनको सुनवाई व साक्ष्य का अवसर प्रदान करते हुए पुनः विधिनुसार उचित निर्णय पारित करना सुनिश्चित करें।" की पालना किया जाना संभव नहीं है। अतः प्रकरण अधीनस्थ विचारण न्यायालय को माननीय राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर द्वारा प्रदत्त दिशानिर्देश की पालना करते हुए प्रकरण में विधिनुसार पुनः निर्णय पारित करने के लिए प्रतिप्रेषित किया जाना आवश्यक एवं उचित होगा।

प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय सहायक कलेक्टर जसवंतपुरा को प्रतिप्रेषित कर माननीय राजस्व मंडल द्वारा पारित निर्णय की प्रति प्रेषित करते हुए निर्देश प्रदान किये जाते हैं कि प्रकरण में प्रार्थी नरपत सिंह को विधिनुसार पक्षकार संयोजित करते हुए प्रार्थी को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए प्रकरण में विधिनुसार पुनः निर्णय पारित करें।

राजस्व अपील प्राधिकारी
कैम्प-जालोर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	पत्रावली इसी अनुरूप इसी मुताबिक फैसल शुमार हो। निर्णय की प्रमाणित प्रति अधीनस्थ न्यायालय को प्रेषित की जावे। निर्णय आज दिनांक २२/१०/२४ को खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील अधिकारी पाली कैम्प-जालोर